बरेली, रविवार
1 जून, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO. 04, MIDDLE LEFT

# एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स की बताई विशेषता




एसआरएमएस में एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स आइएएस वन में शामिल हुए अस्थि रोग विशेषज्ञ को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते चेयरमैन देवमूर्ति • सौ. संस्थान

बरेली: एसआरएमएस मेडिकल कालेज में शनिवार को एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स में देश के नामचीन अस्थि रोग विशेषज्ञों ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी दी। इंडियन आर्थोस्कोपी सोसायटी की ओर से आयोजित कोर्स आइएएस वन में अस्थिरोग विशेषज्ञ डा. राजीव रमन ने इस कोर्स को सभी के लिए लाभप्रद बताया। ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने युवाओं में फास्ट ड्राइविंग के प्रति बढ़ते रुझान और इससे होने वाले हादसों की स्थिति को गंभीर बताया। मेडिकल में शोध को बढ़ावा देने के लिए ट्रस्ट की ओर से सात करोड़ का बजट निर्धारित करने की भी जानकारी दी। आर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डा. संजय गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कोर्स से स्किल और ज्ञान में बढ़ोतरी हुई। इसका फायदा मरीजों को मिलेगा। प्रो. अपसर खान ने आभार व्यक्त किया। संचालन डा. राहुल ने किया। डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव, डा. विनीत जैन, डा. धनंजय शव्वत, डा. समीर वर्मा, डा. पुनीत अग्रवाल, डा. जफर इकबाल, डा. नीरज प्रजापति, डा. रोहिल मेहता आदि ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और बदलावों पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डा. विनोद पागरानी, डा. प्रमेंद्र महेश्वरी, डा. एसके कौशिक, डा. प्रदीप पांडे, डा. आलोक शर्मा उपस्थित रहे। वि.